राष्ट्रीय आवास बैंक

मुख्यालय, नई दिल्ली-110003

सहायक प्रबंधक (स्केल- I) की भर्ती

संदर्भ:-विज्ञापन सं. – रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2019/1 दिनांकित: 02.03.2019

दिनांक 21.04.2019 को आयोजित किये गये ऑनलाइन परीक्षा (चरण I) का परिणाम

दिनांक 21.04.2019 को आयोजित किये गये ऑनलाइन परीक्षा (चरण I) के परिणाम के आधार पर, **184 अभ्यर्थियों** को सहायक प्रबंधक के पद पर चयन हेतु साक्षात्कार के लिये अनंतिम रूप से चुना गया है। कृपया साक्षात्कार परीक्षा के लिये अनुक्रमांक–वार चयनित अभ्यर्थियों को नीचे दिये गये लिंक पर देखें।

साक्षात्कार के लिये चुने गये अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक की सूची

टिप्पणी: अभ्यर्थियों के अंक और उपरोक्त परीक्षा के लिए श्रेणीवार कट-ऑफ को चयन प्रक्रिया पूरी होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। इस संबंध में आरटीआई प्रश्नों पर चयन प्रक्रिया के पूरा होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही विचार किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों के लिये निर्देश:

1. चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार जून, 2019 के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। साक्षात्कार नई दिल्ली में रा.आ.बैंक मुख्यालय में आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए ई-कॉल लेटर डाउनलोड करने की सुविधा शीघ्र ही हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। बैंक नियत समय में अपनी वेबसाइट पर साक्षात्कार परीक्षा अनुसूची भी अपलोड करेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अद्यतीत स्थिति जानने के लिए रा.आ.बैंक वेबसाइट देखते रहें। बैंक द्वारा साक्षात्कार परीक्षा के लिए कोई पेपर आधारित कॉल लेटर जारी नहीं किए जाएंगे।

2. सभी चयनित अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट से साक्षात्कार परीक्षा के लिए ई-कॉल लेटर डाउनलोड करना और अपनी पात्रता के समर्थन में सभी मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार परीक्षा के दिन इसकी हार्ड कॉपी लाना अपेक्षित है। साक्षात्कार का स्थान, तिथि और समय में परिवर्तन के लिए किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. अभ्यर्थियों को **बायो-डाटा-सह-सत्यापन प्रपत्र** को डाउनलोड कर उसमें हस्ताक्षरित फोटोग्राफ, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्ताक्षर के साथ भरकर (टाइप/सफाई से लिखावट) **(6 प्रतियां, सभी मूल में)** उसे **31.05.2019 को शाम 5 बजे तक** राष्ट्रीय आवास बैंक के नीचे दिए गए कार्यालय पते पर भेजना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को अपने जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता (10वीं कक्षा से आगे) - सभी सेमेस्टर/वर्ष और पासिंग/डिग्री प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/अपिव), संपत्ति प्रमाणपत्र (ईडब्ल्यूएस श्रेणी), दिव्यांग प्रमाणपत्र (संदर्भित नि:शक्तजन-पीडब्ल्यूबीडी), नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र यदि अभ्यर्थी वर्तमान में सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में कार्य कर रहा है के समर्थन में दस्तावेजों की **स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी का एक सेट** भेजना भी अपेक्षित है। आयु में छूट का लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में संबंधित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है। बायो-डाटा-सह-सत्यापन प्रपत्र के संबंध में स्पष्टीकरण/प्रश्नों के लिए recruitments@nhb.org.in को देखें।

महाप्रबंधक,
मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग,
कोर 5ए, तृतीय तल,
भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड,
नई दिल्ली– 110003

4. इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी जिन्होंने एक लेखक की मदद ली है (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को छोड़कर) उन्हें इस आशय हेतु कि अभ्यर्थी को लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा है, प्राधिकृत भारत सरकार/राज्य सरकारी विभाग/अस्पताल से एक चिकित्सा प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। यह प्रमाणपत्र उसकी/उसके दिव्यांगता प्रमाणपत्र के अलावा भी आवश्यक होगा। लिखने की गति सहित लिखने की शारीरिक सीमा के बारे में चिकित्सा प्रमाणपत्र, ऑनलाइन परीक्षा की तारीख से पूर्व दिनांकित होनी चाहिए।

Place: New Delhi Date: 21.05.2019

5. यदि बोर्ड/विश्वविद्यालयों/संस्थानों ने अंकों के प्रतिशत के स्थान पर अनुमानित ग्रेड अंक (यानी सीजीपीए/ओजीपीए आदि) दिया है तो अभ्यर्थी को बोर्ड/विश्वविद्यालय संस्थान द्वारा परिभाषित रूपांतरण के मानदंड को भेजना होगा। रूपांतरण मानदंड को अंक पत्र पर मुद्रित किया जाना चाहिए या अभ्यर्थी को बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थानों के सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणित प्रति प्राप्त करनी होगी और हमें उक्त को अग्रेषित करना होगा।

6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती विज्ञापन सं. *विज्ञापन सं.- रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2019/1 दिनांकित 02.03.2019 (रा.आ.बैंक की वेबसाइट www.nhb.org.in पर उपलब्ध)* के 'चयन की योजना' के तहत शामिल निर्देशों को पढ़ें और उनका पालन करें।

नोट: किसी भी विवाद की दशा में अंग्रेजी मूलपाठ मान्य होगा।

Place: New Delhi Date: 21.05.2019